हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
6 अगस्त 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झज्जर-बहादुरगढ़ राज्य मुख्य मार्ग के सुधार के लिए 20 करोड़ 20 लाख रुपये मंजूर किए।
- अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीं परिषद ने वक्फ विधेयक में संशोधनों का स्वागत किया और कहा कि इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।
- हरियाली तीज पर कल जिला जींद में राज्य स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेशभर से लगभग 30 हजार महिलायें तीज महोत्सव में भाग लेंगी ।

- हरियाणा के कैथल जिले के गांव बालू के पास सुदकन नहर में दरार आने से कैलरम व बालू गांव में धान की 200 एकड़ फसल डूबी ।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कल से 11अगस्त तक सातवें हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झज्जर-बहादुरगढ़ राज्य मुख्य मार्ग के सुधार के लिए 20 करोड़ 20 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इस परियोजना में मुख्य मार्ग के झज्जर जिले में शून्य से 28 किलोमीटर 800 मीटर तक के हिस्से का सुधार किया जाएगा ।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि झज्जर को दिल्ली से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण काफी नुकसान हुआ है। सड़क की मौजूदा खराब स्थिति और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय योजना बोर्ड ऋण योजना के तहत आवंटन में एक साल से अधिक की देरी को देखते हुए, मुख्यमंत्री ने यह फैसला किया है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय योजना बोर्ड ऋण योजना के तहत 15 मार्च को 98 करोड़ 51 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी थी। इस मंजूरी पर आगामी स्थायी वित्तीय समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के कपाल मोचन में 3 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से सीवरेज और इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस परियोजना का क्रियान्वयन महाग्राम योजना के तहत किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य इस पवित्र तीर्थ स्थल पर स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विकास करना है।प्रवक्ता ने कहा

कि गोपाल मोचन, सोमसर मोचन और कपाल मोचन में हर साल कार्तिक मेले के दौरान लगभग साढ़े आठ लाख तीर्थयात्री और पर्यटक आते हैं ।इस निर्णय से तीरथ यात्रियों और पर्यटकों को सुविधा होगी और धार्मिक स्थल की पवित्रता को संरक्षित करने में मदद मिलेगी ।
अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीं परिषद ने आज वक्फ विधेयक में संशोधनों का स्वागत किया है। इस विधेयक को संसद के चालू सत्र में पेश किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष हजरत सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विधेयक का मसौदा पारदर्शी होगा और इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, वे समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार है और वक्फ बोर्ड के कुछ अधिकारियों ने अपने पदों का दुरुपयोग भी किया है। परिषद के अध्यक्ष ने सरकार से समुदाय के उत्थान और दरगाह परिसम्पत्ति के प्रबंधन के लिए दरगाह बोर्ड गठित करने का भी अनुरोध किया।

........................................................................

........................................................................

हरियाली तीज पर हरियाणा सरकार द्वारा कल जींद में राज्य स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा , जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। महोत्सव में प्रदेशभर से लगभग 30 हजार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्हें मुख्यमंत्री हरियाली तीज पर खास महत्व रखने वाली कोथली भेंट करेंगे। महोत्सव में विकास एवं पंचायत राज्य मंत्री महीपाल ढांडा और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे ।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तीज महोत्सव विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित होगा। समारोह के दौरान लखपति दीदीयों की सफलता की कहानियां उन्हीं की जुबानी सुनने को मिलेंगी। साथ ही, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपये के बैंक ऋण की राशि का वितरण करेंगे और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह पुरस्कार से भी नवाजेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री 10वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को भी सम्मानित करेंगे। हरियाणा महिला विकास निगम के लाभार्थियों को भी चैक वितरित करेंगे।

........................................................................

........................................................................

*हमारे संवाददाता ने बताया है कि राज्य स्तरीय तीज महोत्सव स्थल महिलाओं के लिए 101 रंग बिरंगे झूले लगाए गए हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक तीज के गीतों पर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव में हरियाणवी लोक व्यंजन दूध, घेवर, गुलगुले एवं सुहाली के साथ ही पारंपरिक हरियाणवी झूल, हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम इस तीज महोत्सव में विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। इतना ही नहीं, इस महोत्सव में महिलाओं द्वारा 50 से भी अधिक स्टॉल भी लगाई जा रही हैं।*

कैथल जिले के गांव बालू के पास सुदकन नहर में अचानक दरार आ गई। नहर टूटने से दो गांवों कैलरम व बालू के किसानों की करीब 200 एकड़ में खड़ी धान की फसल डूब गई। सूचना पाकर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सौरभ कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता प्रतीक मौके पर पहुंचे और इस की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राहत व बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। सैंकड़ों की संखया में मजदूर व मशीनें बचाव कार्य में लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक पानी लगातार चल रहा था।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंडी में फ़सल बिक्री की प्रक्रिया का सरलीकरण करें ताकि आढ़तियों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने मंडियों में ली जाने वाली मार्केट फीस समेत अन्य कार्यों में पारदर्शिता बरतने के निर्देश भी दिए हैं।श्री कंवर पाल ने आज चंडीगढ़ में आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडल तथा हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते समय यह निर्देश दिए।कृषि मंत्री ने अधिकारियों को गेहूं की फसल के समय मंडियों में जल्द उठान का प्रबंध किए जाने और हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मंडियों में भरे जाने वाले LLफॉर्म के सिद्धांत का सरलीकरण करने के भी निर्देश दिए।

श्री कंवर पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल बिक्री का समय न होने पर खाली मंडी के शैड का सदुपयोग करने तथा अनाज मंडियों में कुछ व्यावसायिक गतिविधियों की छूट दिए जाने की संभावनाओं को भी तलाश करें ताकि राज्य सरकार को कुछ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सके।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कल से 11 अगस्त तक 7वां हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव आयोजित किया जायेगा।कुलपति प्रो. सोमनाथ ने बताया कि फ़िल्म महोत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग तथा कला एवं संस्कृति सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। समारोह में फ़िल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी।विश्वविद्यालय के प्रवक्ता महा सिंह पूनिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में 16 देशों की 19 भाषाओं की फिल्में दिखाई जायेंगी। इसके अलावा, मास्टर क्लास, फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। पांच दिन तक चलने वाले इस फ़िल्म महोत्सव में फ़ीचर फ़िल्म, लघु फ़िल्म, एनीमेशन वृत्तचित्र, संगीत वीडियो सहित 75 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।